दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

खालसा गर्ल्स कॉलेज मोरिंडा में एड्स दिवस पर एक्सटैंशन लैक्चर का आयोजन

एड्स दिवस मौके एक्सटैंशन लैक्चर का दृश्य।

सवेरा न्यूज/अरविंदर मोरिंडा : खालसा गर्ल्स कॉलेज, मोरिंडा की प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर कौर संरक्षण में एनएसएस विभाग, रेड रिबन क्लब और बडी ग्रुप द्वारा एड्स दिवस के संबंध में एक एक्सटैंशन लैक्चर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ.जसबीर सिंह, काउंसलर नशा मुक्ति केंद्र, सिविल अस्पताल, मोरिंडा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। डॉ. जसबीर सिंह द्वारा छात्रों को एड्स के कारणों जैसे असुरक्षित यौन संबंध, असुरक्षित सुई या सिरिंज का उपयोग, टैटू का प्रचलन, गर्भवती महिला से अजन्मे बच्चे में संचरण, असुरक्षित रक्त के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे हम इस वायरस से अपना बचाव कर सकते हैं। एक ही सुई या सिरिंज का इस्तेमाल कर नशा करने वाले लोग इस वायरस का सबसे ज्यादा शिकार बन रहे हैं। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर प्रो. नवजोत कौर, डॉ. गुरप्रीत कौर, प्रो. दिव्या शर्मा, लवप्रीत कौर, प्रो. अलका और प्रो. हरप्रीत कौर सहित महाविद्यालय के लगभग एक सौ स्वयंसेवी विद्यार्थी उपस्थित थे।

Arvinder Singh
98138 72347